महानगर टाइम्स
सजग प्रहरी

# दिवाली से पहले जयपुर में धराया 90 लाख रुपए का नकली देशी घी

राज्य MahanagarTimes 15 October 2019

दिवाली से पहले जयपुर में धराया 90 लाख रुपए का नकली देशी घी

जयपुर। दीपावली पर नकली मावा बनाने वालों के साथ नकली देशी घी बनाने वाले गिरोह भी सक्रिय हो गए हैं। जयपुर ग्रामीण पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दूदू में सुबह नाकाबंदी कर एक ट्रक को पकड़ा। ट्रक में एक ब्रांडेड कंपनी के नाम के 1200 घी से भरे पीपे रखे थे। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शंकरदत्त शर्मा ने बताया कि चालक और खलासी को पकड़ा है।

पूछताछ में उन्होंने बताया कि धौलपुर से यह घी लेकर जोधपुर सप्लाई करने गए थे। लेकिन जोधपुर में जिस व्यापारी को घी देना था, उसने चेक करने के बाद घी नकली होना बताया और लेने से इनकार कर दिया। घी को वापस धौलपुर ले जा रहे थे। एसपी शंकर दत्त शर्मा ने बताया कि घी की जांच के लिए एफएसएल और खाद्य विभाग की टीम को सेम्पल लेने के लिए बुलाया है। उन्होंने बताया कि ट्रक में भरा घी नकली होने की आशंका है। सेम्पल की जांच होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। इस घी की कीमत बाजार में करीब 90 लाख रुपए बताई जाती है।

पांच खाद्य सामग्रियों के लिए नमूने

चिकित्सा विभाग की ओर से मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को जांच के लिए पांच नमूने लिए गए। टीम ने ये नमूने झोटवाड़ा स्थित सरसों तेल की फर्म से दो नमूने, एक दूसरी फर्म से पनीर का एक नमूना और दीनानाथजी की गली स्थित एक फर्म से पान मसाले के दो नमूने लिए गए।

भारी मात्रा में मावा जब्त
उधर चिकित्सा विभाग की केन्द्रीय टीम ने दिवाली अभियान में की गई कार्यवाही के तहत निरिक्षण के दौरान चीथवाड़ी से एक मिनी ट्रक में जयपुर शहर के अलग अलग स्थानों के मावा व्यापारियों को आपूर्ति किए जाने वाले 65 ड्रम पकड़े। इनमें करीब 195 किलो मावा भरा हुआ था। रिक्शों और लोडिंग टैंपों से यह ड्रम गोपालजी का रास्ता न्यू सांगानेर रोड़, झोटवाड़ा,एवं दूध मंडी के मावा व्यापारियों के यहां आपूर्ति किया जाना था।

Source: https://www.mahanagartimes.com/post/90-lakh-rupees-fake-desi-ghee-held-in-jaipur-before-diwali